KNOWLEDGE HUB

# विश्व के प्रमुख पठार

## World's Major Plateau

✳ ग्रीनलैंड का पठार : अन्ध महासागर के उत्तरी भाग में लगभग 21,75,600 वर्ग किमी क्षेत्र में हिम से ढंका विशाल पठार है | इसे ग्रीनलैंड का पठार कहा जाता है |

✳ कोलम्बिया का पठार : यह संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरगन,वाशिंगटन और इडाहो राज्यों के मध्य 4,62,500 वर्ग किमी क्षेत्र में विस्तृत रूप में फैला है |

✳ मैक्सिको का पठार : यह पठार पश्चिम सियारामाद्रे और पूर्वी सियारामाद्रे पर्वत श्रेणियों के मध्य स्थित है |

✳ तिब्बत का पठार : यह हिमालय के उत्तर और क्यूनलुन पर्वत के दक्षिण में 4,000 से 5,000 मीटर तक की ऊँचाई पर स्थित है |

✳ मंगोलिया का पठार : यह चीन के उत्तरी - मध्य भाग में मंगोलिया गणराज्य में स्थित है |

✳ ब्राजील का पठार : दक्षिणी अमेरिका के मध्य पूर्वी भाग में यह पठार त्रिभुजाकार रूप में स्थित है |

✳ बोलीविया का पठार : यह पठार 800 किमी लम्बा और 128 किमी चौड़ा तथा इसकी औसत ऊँचाई 3,110 मीटर है | यह बोलीविया के एण्डीज पर्वतमाला क्षेत्र में विस्तृत रूप में फैला है |

✳ अलास्का का पठार : इसका निर्माण यूकन और उसकी सहायक नदियों द्वारा हुई है अत: इसे यूकन का पठार भी कहा जाता है | कनाडा की ओर इसकी ऊँचाई लगभग 900 मीटर है |

✳ ग्रेट बेसिन का पठार : यह कोलम्बिया पठार के दक्षिण में कोलोरेडो और कोलम्बिया नदियों के मध्य 5,25,000 वर्ग किमी . क्षेत्र में विस्तृत है |

✳ कोलोरेडो का पठार : यह ग्रेट बेसिन के दक्षिण में स्थित है तथा इसका विस्तार युटाह और एरीजोना राज्यों में पाया जाता है |

✳ दक्कन का पठार : यह पठार दक्षिणी भारत में स्थित है | इसे तीन ओर से पर्वत - श्रेणियों ने घेर रखा है | इसके पूर्व में पूर्वी घाट,पश्चिम में पश्चिमी घाट तथा उत्तर में विंध्याचल एवं सतपुड़ा की

श्रेणियाँ हैं ।

* ईरान का पठार : इसे एशिया माइनर का पठार या ईरान का मध्यवर्ती पठार भी कहते हैं । इसकी औसत ऊँचाई 900 - 1,500 मीटर के मध्य है ।

* अरब का पठार : यह दक्षिण - पश्चिम एशिया में स्थित है । इसके पूर्व में फारस की खाड़ी,पश्चिम में लाल सागर,उत्तर - पश्चिम में भूमध्य सागर और दक्षिण में अरब सागर स्थित है ।

* अनातोलिया का पठार : यह टर्की के एन्टिक एवं टारस श्रेणियों के मध्य स्थित है । इसे टी का पठार भी कहते हैं । इसकी औसत ऊँचाई 800 मीटर है ।

* अबीसीनिया का पठार : यह पठार पूर्वी अफ्रीका के इथियोपिया एवं सोमालिया के क्षेत्र में विस्तृत रूप में फैला है ।

* मेडागास्कर का पठार : मेडागास्कर द्वीप अफ्रीका के दक्षिण - पूर्व हिन्द महासागर में स्थित है । इस द्वीप के मध्यवर्ती भाग पठारी है । जिसे मेडागास्कर या मालागासी का पठार कहा जाता है ।

* आस्ट्रेलिया का पठार : आस्ट्रेलिया के पश्चिमी भाग में आस्ट्रेलिया का पठार स्थित है । इसकी सामान्य ऊँचाई 180 से 600 मीटर के मध्य है । इस पठार का दक्षिणी भाग मरुस्थलीय है ।

* चियापास का पठार : यह दक्षिणी मैक्सिको में प्रशान्त महासागर के तट पर स्थित है । इसके उत्तर में तबास्को,दक्षिणी - पश्चिम में तेहुआ - न्टेपेक की खाड़ी,पूर्व में ग्वाटेमाला और पश्चिम में ओकस्का और बेराक्रुज स्थित है ।

* मेसेटा का पठार : स्पेन के आइबेरियन प्रायद्वीप पर मेसेटा का पठार स्थित है । इस पठार की औसत ऊँचाई 610 मीटर है ।

* इण्डो - चीन का पठार : यह दक्षिणी एशिया के पूर्वी प्रायद्वीप पर स्थित है । इस भाग पर सालविन,सीकांग,मीकांग,मीनाम आदि नदियाँ प्रवाहित होती हैं ।

नोट : यह पीडीऍफ़ विभिन्न स्रोतों से तथ्य एकत्रित कर बनायीं गयी है | यदि इसमें कोई त्रुटी पायी जाती है तो नॉलेज हब संचालक की जिम्मेदारी नहीं होगी |

अन्य पीडीएफ डाउनलोड करने के लिए यहाँ क्लिक करें या गूगल पर सर्च करें - Knowledge Hub PDF

@knowledgekahub +918619657230 @knowledgekahub

KEEP YOUR SURROUNDING GREEN & CLEAN